# दिनांक 27.04.2024 जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2024 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर व जल निगम की कार्यदायी एजेंसी एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0 एवं विंध्या टेलीलिंक्स लि0 के जनपदीय प्रोजेक्ट मैनेजर, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के पी0एम0 एवं डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक एवं जनपद में कार्यरत 04 नग आई0एस0ए0 एजेन्सीयों महिला ग्रामोद्योग विकास संस्थान अमरोहा, राम मनोहर एजूकेशन एवं समुदाय बाल विकास सोसाइटी, मन्सूरी एकेडमी एंव पी0एस0सेवा समिति के प्रतिनिधि, आई0ई0सी0 कार्डिनेटर के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत पायी गयी :-

**बिन्दु सं0-1-**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-3 के अंतर्गत कायदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0-गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा 95 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, 5 प्रतिशत अवशेष बचे F.H.T.C के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के लिए एजेन्सी को निर्देश दिये गये। मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमं पाया गया कि एजेन्सी द्वारा मात्र 66.35 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण किये गये है, जिसके कारण सी0एम0डैश पोर्टल पर जनपद की 61 वीं रैक आयी है, अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सी के पास मैनपावर की कमी है जिसके लिए एजेन्सी को मेनपावर बढ़ाकर F.H.T.C के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। मै0विध्या टेलीलिंक्स लि0 की F.H.T.C के कार्यो की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर मै0विंध्या टेलीलिक्स को चेतावनी देते हुए निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में F.H.T.C के कार्य में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें अन्यथा एजेन्सी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**बिन्दु सं0-02-**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फेज-।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0इन्फ्रा प्रा0लि0 एवं फेज-।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0-गजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0(जे0वी0) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध न होने एवं विद्युत विभाग द्वारा लाईन शिफ्ट न कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा समस्त तहसील के उपजिलाधिकारियों से संपर्क किया गया है अधिंकांश स्थलो पर भूमि प्राप्त हो गयी है, जिन पर शीघ्र ही कार्य शुरु करा दिया जायेगा। डी0पी0एम0यू0 को निर्देश दिये गये कि एजेन्सी के साथ सम्पर्क कर प्राप्त भूमि पर कार्य प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें।



Scanned with CamScanner

ऐसे ग्रामों विद्युत लाईन शिफ्ट नहीं हो पायी है के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता से की गयी कार्यवाही का विवरण मांगा गया, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जिन ग्रामों में विद्युत लाईन शिपिटंग का कार्य कराया जाना है ऐसे समस्त स्थलों की शिपिटंग हेतु धनराशि विद्युत विभाग में जमा करा दी गयी विद्युत विभाग से निरन्तर संपर्क किया जा रहा है, जिसमें विद्युत विभाग द्वारा जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु कहा गया है।

बिन्दु सं0–3–

जनपद के 08 नग ग्राम जहां बोक्सा कम्युनिटी/बोक्सा जनजाति निवास करती है में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी, एजेन्सीयों द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त ग्रामों में वर्तमान में डायरेक्ट पम्पिंग से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता एवं एजेन्सीयो को निर्देश दिये गये कि शीघ्र समस्त ग्रामों में अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जायें, F.H.T.C के कार्यो के दौरान तोड़ी गयी सड़को के रोड रेस्टोरेशन के कार्य उचित गुणता से पूर्ण कराये जायें।

बिन्दु सं0–4–

उपस्थित आई0ई0सी0 एजेन्सीयों को ग्रामों में एप के माध्यम से सर्वे का कार्य शुरु करने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता को साप्ताहिक रुप से प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

(अंकित कुमार अग्रवाल)
जिलाधिकारी
बिजनौर

कार्यालय जिलाधिकारी, बिजनौर।

पत्रांकः 1530 / जल जीवन मिशन / 321 दिनांकः– 03.05.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर।
3– पी0एम0, मै0.आरबी एसोसिएटस (TPI) बिजनौर।
4– डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, मै0मेधज प्रा0लि0(DPMU), बिजनौर।
5– समस्त आई0एस0ए0, जनपद बिजनौर।
6– डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, मै0विंग्स, आई0ई0सी0, बिजनौर।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0/मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर।

02/5/24.
जिलाधिकारी



Scanned with CamScanner